हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

सौर ऊर्जा से रोशन होंगे सीमा से सटे गांव

हल्द्वानी। पिथौरागढ़ जिले के अंतर्गत चीन सीमा से सटे गांवों को सौर ऊर्जा से रोशन किया जाएगा। पहले चरण में भारत तिब्बत सीमा पुलिस के माध्यम से चीन सीमा से सटे 8 गांवों में 250 सौर ऊर्जा के लालटेन बांटे जाएंगे। साथ ही ग्रामीणों को कंप्यूटर की बेसिक जानकारी भी दी जाएगी। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रही स्केल संस्था ने गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान संस्था के महानिदेशक अरुन सिन्हा ने आईटीबीपी के कमांडेंट आनंद सिंह को सोलर लालटेन और कंप्यूटर प्रदान किए। सिन्हा और आनंद ने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोशनी पहुंचेगी। जिससे लोगों को काफी राहत मिलेगी।